भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-14

उत्तर देने की तारीख-25/11/2024

शिरडी में नया केन्द्रीय विद्यालय/नवोदय विद्यालय

***14. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा महाराष्ट्र के शिरडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय/नवोदय विद्यालय स्थापित करने के लिए कोई कदम उठाया गया है/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ग)**:** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

माननीय संसद सदस्य श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे द्वारा 'शिरडी में नया केन्द्रीय विद्यालय/नवोदय विद्यालय' के संबंध में दिनांक 25.11.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 14 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग) नए केंद्रीय विद्यालयों (के.वि.) का खोला जाना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालय पूरे देश में शिक्षण का समान कार्यक्रम प्रदान करके मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों द्वारा इस प्रतिबद्धता के साथ प्रायोजित किए जा सकते हैं कि वे मानदंडों के अनुसार नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराएं। ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस समय महाराष्ट्र राज्य में 59 केन्द्रीय विद्यालय कार्यात्मक हैं, जिनमें अहमदनगर जिले में 03 केन्द्रीय विद्यालय नामत: अहमदनगर सं.I, अहमदनगर सं.II (एमआईआरसी) और अहमदनगर सं.III (वीआरडीई) शामिल हैं, जो शिरडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। शिरडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार/जिला प्रशासन से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की परिकल्पना की गई है।

नवोदय विद्यालय समिति (न.वि.स.) से प्राप्त सूचना के अनुसार, दिनांक 31.05.2014 तक की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र राज्य के 33 जिलों (दो जिलों अर्थात मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय क्षेत्र को छोड़कर जहां 100% शहरी आबादी है) को नवोदय विद्यालय योजना के तहत पहले ही शामिल किया जा चुका है और नंदुरबार जिले (एसटी बाहुल्य) में एक अतिरिक्त जवाहर नवोदय विद्यालय सहित कुल 34 जवाहर नवोदय विद्यालय महाराष्ट्र राज्य में स्थापित किए गए हैं। शिरडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अहमदनगर जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय पहले से ही संस्वीकृत है जो 1987-1988 से कार्यात्मक है।

*****